हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023

11 देश, धर्म व मानवता के लिए अनुकरणीय गुरुओं का त्याग



12 बीडीपीओ प्रमोद व डीपीएम संदीप को हरियाणा सुशासन पुरस्कार



## खबर संक्षेप

### पूर्णिमा पर आज बंद रहेगी सब्जी मंडी

**नारनौल।** पूर्णिमा पर 26 दिसंबर को नांगल चौधरी रोड स्थित सब्जी मंडी व आजाद चौक स्थित सब्जी मंडी बंद रहेगी। प्रधान अजीत सैनी ने बताया कि अब हर महीने की पूर्णिमा को नई सब्जी मंडी, आजाद चौक स्थित सब्जी मंडी, चितवन वाटिका वाली मंडी, पुरानी कचहरी, बस स्टैंड, महेंद्रगढ़ रोड, सिंघाना रोड की सभी रेहड़ी व फड वाले बंद रखेंगे। सभी फल व सब्जी बेचने वाली दुकानें भी बंद रहेगी।

### जल्द होंगे शीतला माता सेवा समिति के चुनाव

**नारनौल।** शीतला माता सेवा समिति नूनी शेखपुरा की कार्यकारिणी के चुनाव जल्द होंगे। प्रधान महेंद्र सिंह व मीर चन्द ने बताया कि कार्यकारिणी चुनाव से पहले समिति ने निर्णय लिया है कि आम सभा में नए सदस्य जोड़े जाए। समिति के आजीवन सदस्य बनना चाहते है, वह फार्म नंबर 10 व दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी व फीस के साथ 28 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

### पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कार्यक्रम कल से

**सतनाली मंडी।** जमुवाय माता मंदिर में 27 दिसंबर से पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण, शक्ति कलश पूजन, दीपयज्ञ एवं पांच कुण्डीय हवन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कल्याण सिंह शेखावत ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शातिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में राष्ट्र जागरण 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत बुधवार को दिन में 11 बजे कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

### वैष्णो देवी व अयोध्या के लिए ट्रेन चलाने की मांग

**कनीना।** रेल यात्रियों ने महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन से माता वैष्णो देवी, कटरा, श्रीरामलला मंदिर अयोध्या के लिए सीधी ट्रेन चलाने की मांग की है। यात्री राहुल मित्तल, रविदत्त, सुनील कुमार, संतोष देवी, आयुष, सचिन पांडे, राहुल, रजत, योगेश कुमार, पूनमचंद शर्मा, बिजेंद्र यादव, नरेंद्र यादव, रामकिशन, कैलाश चंद, मनोज ने बताया कि क्षेत्र से लाखों की संख्या में यात्री कटरा व अयोध्या जाते हैं। सीधी ट्रेन सेवा नहीं होने के कारण उन्हें बार बार ट्रेन बदलने से परेशानी होती है।

### 30 ग्राम गांजा बरामद आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस ने 30 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान विनोद वासी गणियार के रूप में हुई। पुलिस ने गुप्त पर अटेली क्षेत्र में बजाड़ नाका के पास नाकाबंदी कर चैकिंग की। बाइक सवार एक संदिग्ध को रोका। जिसकी जांच करने पर उसके पास 30 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना अटेली में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

# मॉडल सड़क खोने लगी पहचान, कहीं गहरे गड्ढे तो कहीं से टाइल व रिफलेक्टर गायब

**करीब डेढ़ करोड़ की लागत से गत वर्ष राव तुलाराम चौक से सीएसडी कैंटीन तक हुआ निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के सौदर्यकरण को बढ़ावा देने के लिए राव तुलाराम चौक से सीएसडी चौक तक डेढ़ करोड़ की लागत से बनाई गई मॉडल सड़क की डेढ़ साल में ही पोल खुलने लगी हैं। सड़क में लगे सीवरेज के कारण गहरे गड्ढे बन चुके हैं। वहीं लाखों की लागत से ही टाईल भी उखाड़ना शुरू हो गई हैं।

राव तुलाराम चौक से महेंद्रगढ़ शहर में प्रवेश किया जाता हैं। इसलिए इस सड़क को शहर के प्रमुख सड़क माना जाता हैं। नगर पालिका ने ऐसी सोच के सड़क राव तुलाराम चौक से सीएसड़ी कैंटीन तक की सड़क को मॉडल सड़क बनाया था, ताकि शहर के सौदर्यकरण को बढ़ावा दिया जा चुके हैं। रोड के बीचोंबीच बने डिवाइडर को नया लुक दिया गया था।

इस रोड व डिवाइडर दोनों के निर्माण पर पालिका करीब डेढ करोड़ रुपये खर्च की गई थी, ताकि शहर के लोग को ही नहीं यहां आने वाले ग्रामीण लोगों को भी जर्जर मार्ग के कारण परेशानियां न उठानी पड़े। तारकोल के जर्जर रोड पर कारपेट तो आरसीसी पर मैस्टिक लेयर लगाकर नगर पालिका इस मार्ग को मॉडल सड़क का दर्जा दिया था। नगर पालिका ने सड़क के निर्माण कार्य में करीब 98 लाख रुपये की राशि खर्च की थी। वहीं डिवाइडर पर करीब 49 लाख खर्च जर्जर डिवाइडर के सुधारीकरण किया गया था। डिवाइडर के दोनों ओर ईंटों की दीवार बनाकर उस पर कच्चा सा प्लास्टर कर उसके उपर ग्रेनाइट पत्थर लगाए गए थे। डिवाइडर के बीच पाम व अन्य पौधे लगाए गए हैं।

### अतिक्रमण बिगाड़ रहा सूरत

शहर के राव तुलाराम चौक से लेकर बालाजी चौक तक दुकानदारों ने पूरी तरह अतिक्रमण कर रखा हैं। बढ़ता अतिक्रमण मॉडल सड़क की सूरत पर ग्रहण लगा रहा हैं। नगर पालिका द्वारा अतिक्रमकारियों को केवल हिदायत देकर छोड़ दिया जाता हैं। वहीं अतिक्रमण के चलते सड़क के दोनों तरफ इंटर लॉक टाईल लगाने का काम भी अभी अधूरा हैं।



महेंद्रगढ़। डिवाइडर की उखड़ी टाइल। फोटो : हरिभूमि

### एक साल में ही खुली पोल

मॉडल सड़क पर जनस्वास्थ्य विभाग पानी निकासी के लिए सीवर लाइन बिछाई गई है। सड़क बनने के बाद लगाए गए सीवर के ढक्कन नीचे धंस गए हैं। जिस कारण सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। इसके अलावा सर्दी के सीजन शुरू होने से पहले लगाए गए रिफलेक्टर भी जलने बंद हो गए हैं तथा कहीं जगह टाईल भी गिरनी शुरू हो चुकी हैं।

### टाइल करवाएंगे ठीक

नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने बताया कि मॉडल सड़क में जहां भी टाईल उखड़ी पड़ी है उनको ठीक करवाया जाएगा। इसके अलावा किसी भी रेहड़ी संचालकों ने रोड पर कब्जा किया हुआ, शहर में जल्द अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सड़कों से रेहड़ी हटवाई जाएंगी। डिवाइडर के बीच में लगे पौधों में पानी का छिड़काव करवाया जाएगा।

**ठंड के साथ कोहरे ने बढ़ाई परेशानी**

# धुंध और कोहरे को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट

**विजिबिलिटी 10-20 मीटर तक सिमटी, ठंड व कोहरे से सरसों व गेहूं की फसलों को होगा फायदा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

देश के सम्पूर्ण उत्तरी राज्यों में ठंड का डबल अटैक देखने को मिल रहा है। सम्पूर्ण इलाके पर कोहरा, ठंड अपने तीखे तेवरों से आगाज किए हुए है। उत्तरी भारत के राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिसंबर महीने में बार-बार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश की गतिविधियां नदारद रही। वहीं हवाओं की दिशाओं में बार-बार बदलाव से तापमान में उतार-चढ़ाव व ठंड के तेवरों को नरम कर दिया।

सम्पूर्ण उत्तरी भारत के इलाके दिसंबर महीने में सुबह के वक्त सूखी ठंड पड़ रही है। दिन में सूर्य की चमकदार धूप खिली रहने से दिन के तापमान सामान्य के आसपास बने हुए हैं। इससे आमजन को कड़ाके की ठंड से राहत मिल रही है। सुबह व शाम कोहरा व धुंध देखने को मिल रही है। इससे हरियाणा एनसीआर दिल्ली में आमजन को कड़ाके की ठंड से ठिठुरने को मजबूर है।

प्रदेश के कई जिलों में कोहरे से विजिबिलिटी 10-20 मीटर से कम होने से रफ्तार पर ब्रेक लग गया। सड़कों पर वाहन रेंगने नजर आ रहे है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए आधे हरियाणा में धुंध व कोहरे को लेकर ऑरेंज तथा आधे राज्य में येलो अलर्ट जारी कर दिया है। सोमवार को हरियाणा के उत्तरी पश्चिमी व दक्षिणी हिस्सों को कोहरे की सफेद चादर ने अपने आगोश में ले लिया। कोहरे की वजह से विजिबिलिटी बेहद कम होने से सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, मेवात जिलों में वाहन रेंग-रेंग कर चलते हुए नजर आए। एक तरफ जहां कोहरे की वजह से आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



नारनौल। कोहरे ने रोकी सूर्य देव की रोशनी। फोटो: हरिभूमि

### धंधु और कोहरे से खिले किसानों के चेहरे

धुंध व कोहरे से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। यह कोहरा गेहूं व सरसों की फसल के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद साबित होगा। वहीं कोहरे के कारण वाहन चालकों को लाइट ऑन करके वाहन चलाने पड़ रहे हैं। दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में दिन व रात के तापमान सामान्य से ऊपर बने हुए है।

### 27 से 31 दिसंबर तक फिर होगा मौसम में बदलाव

मौसम विशेषज्ञ डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि सोमवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस से 10.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस व 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में महेंद्रगढ़ जिले की रात सबसे ज्यादा ठंडी रही। जबकि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिन के तापमान 20.0 डिग्री सेल्सियस से 24.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन के तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस व 21.5 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान से अधिक रहा। उन्होंने बताया कि 27 व 31 दिसंबर को एक के बाद एक दो कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में एक बार फिर से मौसम में बदलाव व तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। जिसके कारण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिसंबर महीने में एक के बाद एक आठ कमजोर पश्चिमी विक्षोभों के सक्रिय होने से ठंड के मिजाज व तेवरों को ढीला कर दिया है।



नांगल चौधरी। पहाड़ में खनन के खिलाफ धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## दौंखेरा के पहाड़ में अवैध खनन व हैवी ब्लास्टिंग के आरोप, धरने पर ग्रामीण

- अनुमति पत्र मांगने पर कारिंदों ने धमकाकर ग्रामीणों को भगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

दौंखेरा के पहाड़ में बीते कुछ महीनों से अवैध खनन के साथ हैवी ब्लास्टिंग से आवासीय मकानों में दरार पड़ने लगी है। अधिकारियों ने अवगत करवाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने बाबा माधव दास सेवा समिति के नेतृत्व में धरना शुरू कर दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि माइनिंग विभाग ने 2011 में पहाड़ लीज पर छोड़ा था। इसके बाद कई साल तक खनन हुआ। इसी साल विभागीय कारणों के चलते 2021 में लीज होल्डर ने खदान को सरेंडर कर दिया था। अब तीन-चार महीनों ने पहाड़ में दुबारा खनन शुरू हो गया। खदान के लिए गांव में कभी भी प्रशासनिक जन सुनवाई नहीं हुई। रविवार सुबह ग्रामीणों ने खनन करने वाले कारिंदों ने अनुमति पत्र मांगा। जिस पर उन्होंने ग्रामीणों को परिणाम भुगतने की चेतावनी देकर भगा दिया। खदान में रात का हैवी ब्लास्टिंग से पत्थर उछलकर आवासीय मकानों पर पड़ते हैं। जिससे ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मभयभीत ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अवैध खनन को तुरंत बंद करवाने व माफिया के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### गांवों के प्रतिनिधियों को सौंपे पूजित अक्षत कलश



**सतनाली मंडी।** विहिप प्रखंड सतनाली की ओर से अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश गांवों से पहुंचे रामभक्तों को वितरण करने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घर के निकट के मंदिरों में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक भजन कीर्तन करने व दीपक जलाने हेतु प्रेरित किया इस मौके पर प्रवीण कुमार नारायण दत्त, महीपाल सिंह, रमाकांत, इन्द्राज, संजय, प्रमोद, चरण सिंह, प्रेमपाल, कल्याण सिंह मौजूद रहे।



## कराटे में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे पीयूष का ग्रामीणों ने किया स्वागत

- आगरा में हुई प्रतियोगिता, 55 किलो भार वर्ग में बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आगरा मे हुई छठी आईएसकेएफ नेशनल कराटे सीयूपी में 55केजी भार में कराटे प्रतियोगिता में इंस्पेक्टर रामअवतार मेहरा के पौत्र पीयूष मेहरा ने गोल्ड मेडल जीतकर लौटने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। पीयूष की उपलब्धि पर मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम के सदस्य मुकेश चौहान, अनूप रिवासा, राजेश कुमार रिवासा ने ममाज की तरफ से हरियाली का प्रतीक पौधा देकर सम्मानित किया। मिशन सदस्य मुकेश चौहान और अनूप रिवासा ने बताया कि हमारे क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नही है। आज हमारे क्षेत्र के बच्चे पढ़ाई के साथ खेलों में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर इस क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है। पहले भी 13 दिसंबर को आंबेडकर भवन में कैबिनेट मंत्री बनवारी लाल और पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास द्वारा भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जा चुका है। 18 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बीडीपीओ एवं सरपंच अलका यादव द्वारा भी ग्राम पंचायत की तरफ से सम्मानित किया।

## मार्गदर्शक की भूमिका में रहा ब्राह्मण समाज

- राज्यमंत्री व पूर्व मंत्री ने पं. मदन मोहन मालविय व अटल बिहारी को किया नमद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा की ओर से मोहल्ला चौधरीयान में पंडित मदनमोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयीकी जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने पंडित मदनमोहन मालवीय व वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा से ही समाज व देश का पथ प्रदर्शक रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामविलास शर्मा ने कहा कि पंडित मदनमोहन मालवीय व अटल बिहारी वाजपेयी देश की महान विभूतियां रही हैं। विशिष्ट अतिथि डा. लालचंद जोशी ने कहा कि बुजुगारें का सम्मान हमारे संस्कारों में शामिल है। विशिष्ट अतिथि डा. मनीष शर्मा, एग्रो इंडस्ट्रीज के पूर्व चेयरमैन गोविंद भारद्वाज, एडवोकेट राकेश शर्मा व ओजस्वी शर्मा ने भी मालवीय एवं अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डाला।

सभा के प्रधान एडवोकेट राकेश मेहता ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के 85 वर्ष की ऊपर की आयु के 50 वृद्ध पुरुष व महिलाओं, 30 मंदिरों के पुजारियों, विभिन्न समाज एवं संस्थाओं के पदाधिकारियों तथा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इसके साथ विशिष्ट उपलब्धि में डा. जितेन्द्र भारद्वाज को राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त कर समाज व क्षेत्र का गौरव बढ़ाने, सीए संदीप शर्मा को सभा के विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया। कवि प्रमोद वत्स, साहित्य परिषद के अध्यक्ष डा. जितेंद्र भारद्वाज ने प्रस्तुति दी। इस मौके पर देवदत्त शास्त्री, डा. रामनिवास मानव, किशनलाल शर्मा, अर्जुनलाल शर्मा एडवोकेट, शिवकुमार मेहता, धर्मचंद छाबड़ा, दुलीचंद शर्मा, कृष्ण कुमार ठेकेदार, मनीष वशिष्ठ, कृष्ण कुमार शर्मा, विनोद मेहता, एडवोकेट बनवारीलाल शर्मा, एडवोकेट हरिराम सैनी, एडवोकेट विजय कौशिक, विपिन शास्त्री, पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी मौजूद रहे।



नारनौल। कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव।



## कृषि विभाग के सम्मेलन में एग्रोमैक्स ने किया जागरूक

- अधिकारियों ने किसानों को योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कृषि सम्मेलन कनीना में धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक सीताराम यादव एवं विशिष्ठ अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार रहे। कृषि उपनिदेशक देवेंद्र कुमार, जिला उधान अधिकारी प्रेम कुमार, गुण नियंत्रण निरीक्षक डॉ. संजय कुमार, उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. अजय यादव, अनिल यादव पचवानिया सहित अनेक कृषि एक्सपर्ट व किसानों ने भाग लिया और सरकारी एवं निजी कंपनियों ने अपने स्टॉल भी लगाए। अधिकारियों ने खेती से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। कंपनियों ने अपने स्टाल प्रोडक्ट दिखाएं। एग्रोमैक्स के जोनल मैनेजर उपदेश सक्सेना, डिस्ट्रीब्यूटर विनोद अग्रवाल, गिरधर ट्रैक्टर प्रा.लि. हिम्मत सिंह, फील्ड सहायक नीतीश कुमार ने अपने स्टाल पर किसानों को अपने प्रोडेक्ट दिखाकर, उनकी विशेषताएं बताकर व कृषि संबंधी जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया।

## बाइक से खेत जा रहे छात्र की हादसे में मौत भूलवश जहर पीने से विवाहिता की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

देर शाम करीब साढ़े सात-आठ बजे महेंद्रगढ़ रोड पर हुए सड़क हादसे में रामपुरा के एक छात्र की मौत हो गई। करीब 19 वर्षीय छात्र अभिषेक शर्मा बीती शाम को अपने खेतों में लाइन बदलने के लिए जा रहा था, तब हादसे का शिकार हो गया। पिता नरेंद्र सिंह शर्मा ने बताया कि उसका बड़ा लड़का अभिषेक बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था और वह पीजी कॉलेज नारनौल में पढ़ाई कर रहा था। साथ ही घरेलू कार्य एवं खेती का काम भी कर लेता था। बीती शाम को करीब साढ़े सात बजे खेत में लाइन बदलने के लिए वह मोटरसाइकिल से जा रहा था। जब वह हुडीना गांव के गूगा मंदिर के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे अभिषेक को काफी चोटें लगी। अभिषेक को घायल अवस्था में सरकारी एंबुलेंस द्वारा सरकारी अस्पताल नारनौल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि जब वह नागरिक अस्पताल पहुंचे, तब उसके बेटे की डैडबॉडी अस्पताल में रखी थी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा उसे परिजनों को सौंप दिया। नरेंद्र शर्मा को दो बच्चे हैं, जिनमें बड़ा बेटा अभिषेक था और बिटिया छोटी है।

### पिछले कुछ दिन से बीमार थी विवाहिता

नांगल चौधरी के वार्ड नंबर दस में रहने वाली करीब 28 वर्षीय एक विवाहिता ने भूलवश जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। नांगल चौधरी पुलिस के मुताबिक रेणू पिछले कुछ दिनों से बीमार थी और उसका उपचार चल रहा था। रविवार सायं को उसने अपनी दवा की जगह कोई जहरीला पेयपदार्थ पी लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। नांगल चौधरी पुलिस ने मृतका के भाई के बयान पर इत्तेफाकिया हादसे की कार्रवाई की है। मृतका अपने पीछे दो लड़की एवं एक लड़का छोड़ गई है।

**बीएसएनएल छोड़ निजी कंपनियों के पैक ले रहे उपभोक्ता**

# छुट्टी पर अधिकारी, 16 दिन से ब्रॉडबैंड सेवा बंद

- सप्ताह पूर्व कर्मियों की ओर से बीएसएनएल कार्यालय ले जाया गया मॉडम नहीं हो सका रि-स्टोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

बीएसएनएल अधिकारियों की अर्कमण्यता के चलते 16 दिन गुजरने के बाद भी बीएसएनएल की लैंडलाइन ब्रॉडबैंड सेवा बहाल नहीं हो सकी है। जिसके चलते परेशान उपभोक्ता अब निजी संचार कम्पनियों का डाटा पैकेज लेने पर मजबूर हो रहे हैं। कुछ उपभोक्ताओं के मॉडम सिस्टम बीएसएनएल के अधिकारियों की ओर से सेटिंग चेंज करने के नाम पर एक्सचेंज कार्यालय में उतरवा लिए। जिन्हें सप्ताहभर बाद भी अपडेट नहीं किया जा सका है। परेशान उपभोक्ता अधिकारियों से संपर्क करना चाहते है, तो उनके मोबाइल फोन पिक नहीं किए जाते। जिसके चलते उन्हें और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कनीना क्षेत्र में लैंडलाइन ब्रॉडबैंड पिछली नौ दिसबंर से बंद पड़ा है। जिसका खमियाजा ग्राहकों को भुगतना पड़ रहा है। इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं होने से उपभोक्ता देश-दुनिया की नवीनतम जानकारियों से कटा महसूस कर रहे हैं। ऑनलाइन होने वाले कार्य भी लंबित पड़ा है। परेशान उपभोक्ता बीएसएनएल को छोड़कर दूसरी कंपनियों के नेट पैकेज ले रहे हैं।



बीएसएनएल लैंडलाइन ब्रॉडबैंड सर्विस इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता सुनील कुमार व राजीव ने बताया कि पिछले 16 दिनों से ब्रॉडबैंड सेवा ठप पड़ी हुई है। उनकी ओर से ऑनलाइन किया जाने वाला कार्य भी बाधित है। बीएसएनएल एक्सचेंज कार्यालय कनीना में कार्यरत कर्मचारियों से शुरूआती दौर में इस संदर्भ में बात की गई थी, तो वे पहले तो गुरुग्राम स्थित बीएसएनएल सिस्टम को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की कार्रवाई बताकर ब्रॉडबैंड ठप होने की बात कहते रहे, लेकिन अब सप्ताहभर पूर्व उन्होंने उपभोक्ताओं के मॉडम रिस्टोर किए जाने के नाम पर अपने पास मंगवा लिए जो आज तक नहीं लौटाए गए हैं। उनकी त्रुटि अभी तक दूर नहीं की जा सकी है। एसडीओएजेटीओ व अधिकारियों की ओर से फोन तक पिक नहीं किए जा रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक कुछ अधिकारी अवकाश पर चले हैं। सिस्टम ठप होता जा रहा है ओर अधिकारी अवकाश लेकर मस्ती कर रहे हैं। इन हालातों में उपभोक्ताओं को जल्द राहत मिलना मुश्किल माना जा रहा है।

इस बारे में बीएसएनएल कार्यालय के टीटीए अरविंद कुमार ने कहा कि मॉडम को रि-स्टोर व अपडेट कर संचालित करने का प्रयास किया गया, जो सफल नहीं हो सका। समस्या के समाधान को लेकर उच्च अधिकारियों से मदद मांगी गई है। ब्रॉडबैंड सेवा कितने समय में बहाल होगी, इसे लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता है।

रोहतक, मंगलवार
26 दिसंबर 2023

हरिभूमि सहेली

वर्षांत-नववर्ष विशेषांक 2023

देखते ही देखते वर्ष 2023 भी हमसे विदा ले रहा है। साल के इस आखिरी समय में अधिकतर लोग मन ही मन इसी उधेड़बुन में लगे हैं कि हमने क्या खोया और क्या पाया? इस तरह सोचने से कोई फायदा नहीं, जो बीत गई, सो बात गई। अब नूतन वर्ष के सूर्योदय की ओर देखें, नई आशाओं और उमंगों के साथ ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो खुशहाल जिंदगी दे।



# जो बीत गई सो बात गई

कवर स्टोरी / विनीता

स ही कहा गया है कि बीता हुआ समय और ज़ुबान से निकले शब्द कभी भी लौट कर वापस नहीं आते। इस साल को समाप्त होने में भी अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे समय में अधिकतर लोग यह सोच कर दुखी हो जाएंगे, 'यह साल भी यूं ही बीत गया, इन बारह महीनों में हमें ना तो कोई विशेष कामयाबी हासिल हुई और ना ही जीवन में कुछ ऐसा नया घटित हुआ, जिसे याद करके खुशी महसूस हो।' साथ ही लोगों को ऐसी बातें भी याद आएंगी, जिनकी वजह से इस साल उनका मन आहत-दुखी हुआ हो। कई बार उसे अपनी किसी गलती पर बहुत पश्चाताप भी महसूस होगा कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था या उसे यह नहीं बोलना चाहिए था। ऐसी नकारात्मक बातें साल के अंत में व्यक्ति को बहुत बेचैन-परेशान करती हैं। ऐसे में कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की यह पंक्ति 'जो बीत गई सो बात गई' को याद रखते हुए वर्तमान यानी नए साल में अपने जीवन को संवार-निखार कर, उसे पहले की तुलना में अधिक सुंदर और सार्थक बनाने के प्रयास में जुट जाएं।

## सही ढंग से करें टाइम मैनेजमेंट

सर्वप्रथम इस बात को समझें कि जीवन का हर पल बहुत कीमती है, हम उसकी कीमत पहचानें और बिना वक्त बर्बाद किए अपने हर क्षण का सदुपयोग करें। अपनी दिनचर्या को इस ढंग से व्यवस्थित करें कि हमारे सभी कार्य सही समय पर पूरे हों, साथ ही हमें आराम करने के लिए भी समय मिले, क्योंकि स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए थोड़ा आराम भी जरूरी है। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी जागने का हम संकल्प लें। मोबाइल का सीमित उपयोग करें, क्योंकि सोशल मीडिया पर अधिक सक्रियता समय की बर्बादी का बहुत बड़ा कारण है। रोजाना सुबह उठकर हम आवश्यक कार्यों की एक सूची बनाएं और रात को सोने से पहले एक बार उसे अवश्य चेक कर लें कि उनमें से कौन-से काम पूरे हो गए, किसी वजह से अगर कोई काम अधूरा रह गया हो, तो उसे अगले दिन जरूर पूरा कर लें। जहां तक संभव हो हम आज के काम को कल पर टालने की आदत छोड़ दें।

## माफ करें, भूल जाएं

बीते समय की कटु स्मृतियां दुखों की सबसे बड़ी वजह हैं। इसलिए अगर किसी की बातों से आपका मन आहत हुआ है, तो बार-बार उन्हीं बातों को याद करके उदास होने से बेहतर है कि आप उन बातों को भूल जाएं। जिस व्यक्ति के व्यवहार से आप दुखी हैं, उसके प्रति अपने मन में लंबे समय तक नाराजगी ना रखें, बल्कि थोड़ी उदारता दिखाते हुए उसे माफ कर दें। यकीन मानिए, इससे आपके मन को बहुत सुकून मिलेगा। इसी बात का दूसरा पहलू यह भी है कि अगर कभी जाने-अनजाने में आपके किसी व्यवहार से दूसरों की भावनाएं आहत हुई हों, तो ऐसी बातों को भी अपने मन में ना रखें, क्योंकि ग्लानि की वजह से आपको अक्सर उदासी महसूस होगी। ऐसी मनोदशा से बाहर निकलने के लिए जितनी जल्दी हो सके आप उस व्यक्ति से माफी मांग लें। इससे आप तनावमुक्त हो जाएंगी। मशहूर शायर मिर्जा गालिब ने सही कहा है, *'कुछ इस तरह मैंने जिंदगी को आसान कर लिया, किसी से माफी मांग ली, किसी को माफ कर दिया।'*





## वर्तमान में जिएं

जो समय बीत गया, वह लौटकर कभी वापस नहीं आता, इसलिए उसके बारे में सोचकर पछताना छोड़ दें। भविष्य के लिए, योजनाएं जरूर बनाएं, लेकिन यह भी जान लें कि आने वाला समय भी हमेशा अनिश्चित होता है, उसके बारे में कोई कुछ भी बता नहीं सकता, इसलिए वर्तमान की अहमियत को समझते हुए सामने जो भी कार्य हो, उसे पूरा करने की कोशिश करें। अगर आप योजनाबद्ध ढंग से वर्तमान को संवारने की कोशिश में जुटी रहेंगी, तो स्वाभाविक रूप से आपका भविष्य अपने आप बेहतर हो जाएगा, क्योंकि आज की मेहनत का परिणाम कुछ समय के बाद ही नजर आता है।

...तो फिर क्यों ना जो कुछ भी दुखद था, इस साल के अंत में आप उसे भुलाकर केवल मधुर स्मृतियों को संजोने का संकल्प लें, निश्चित ही नववर्ष आपके लिए मंगलमय होगा। ❁

## मजबूत हो इच्छाशक्ति

**हो सकता** है, किसी असफलता की वजह से आप उदासी-हताशा महसूस कर रही हों, लेकिन हिम्मत ना हारें, बल्कि दृढ़ निश्चय के साथ जुटी रहें और खुद से यह वादा करें, 'मुझे हर हाल में खुश रहना है।' अगर आपके साथ कुछ बुरा हुआ हो तो उसे भूल कर बेहतरी की दिशा में अगला कदम बढ़ाएं। हमेशा याद रखें कि अच्छा सोचने का परिणाम हमेशा अच्छा ही होता है। इसलिए जीवन के प्रति हमेशा सकारात्मक नजरिया अपनाएं। 'मेरा यह कार्य जरूर पूरा होगा', अगर आप अपने मन में ऐसे आशावादी विचार रखेंगी तो आपको हर हाल में सफलता मिलेगी। ❁



हम अनजाने में ही कुछ ऐसी आदतें बना लेते हैं, जो हमें तनाव देती हैं, हमारे आगे बढ़ने के रास्ते में बाधक बनती हैं। बीत रहे साल में हम इन बुरी आदतों को विदाई दें, ऐसी आदतें अपनाएं जो हमें हर तनाव से मुक्त रखें।

# बीत रहे साल में पुरानी आदतों को दें विदाई

लाइफस्टाइल / शिखर चंद जैन

ह म बढ़ती उम्र के साथ अनुभवी, समझदार और परिपक्व होते जाते हैं। जाने-अनजाने हम कई गलतियां भी करते हैं या ऐसी आदतें बना लेते हैं, जिनके परिणाम नुकसानदेह होते हैं, जो हमें बाद में समझ में आते हैं। जाहिर है, इन गलतियों को ना दोहराने और बुरी आदतों को छोड़ देने में ही हमारी भलाई है। आइए, विदा ले रहे साल में हम अपनी बुरी और गलत आदतों की भी विदा कर दें। ये आदते हैं-

**दूसरों से अपनी तुलना:** कुछ लोगों में दूसरों से अपनी तुलना करने और फिर खुद को कमतर आंकते हुए दुखी रहने की आदत हो जाती है। इस आदत से नुकसान ही होता है, क्योंकि इससे आप आत्महीनता का शिकार हो जाती हैं, हताशा-निराशा की ओर बढ़ती हैं। नतीजा यह होता है, आपकी काम करने की इच्छा, ऊर्जा-शक्ति कम होने लगती है। इसलिए नए साल में आप अपने व्यक्तित्व में नया निखार लाएं, अपनी मेहनत पर भरोसा करें। इससे आपके आगे बढ़ने के रास्ते प्रशस्त होंगे।

**दूसरों से राय लेना:** जब आप किसी भी काम को करने से पहले सशंकित रहती हैं। छोटे-छोटे कामों के लिए भी दूसरों की राय पर निर्भर रहती हैं तो समझ लीजिए कि आप अपनी प्रगति की राह में खुद ही रोड़े अटका रही हैं। आपको अपनी निर्णय लेने की शक्ति और अपने विचारों पर भरोसा होना चाहिए। जब तक कोई बहुत उलझा हुआ या बड़ा मामला ना हो, आप बेवजह लोगों की राय लेने से बचें। जब आप स्वयं अपने निर्णय लेंगी तो आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सबके काम का बोझ लेना :** हमसे से कुछ लोगों को दूसरों के सामने अच्छा बनने या सबका दिल जीत लेने की आदत होती है, यह आदत आपके दिलो-दिमाग पर भारी पड़ सकती है। वाहवाही पाने के लिए दूसरे के कामों को अपने सिर पर लेना कोई समझदारी की बात नहीं है। इससे आप पर मेंटल, फिजिकल प्रेशर बढ़ता है, आपकी वर्क एफिशिएंसी कम होती है। जब तक कोई बहुत अजीज ना हो, किसी बड़ी परेशानी में ना हो, तब तक उसका काम ना लें। अनावश्यक रूप से अपने कामों का बोझ ना बढ़ाएं।

**टॉक्सिक संबंधों को वक्त देना :** कुछ रिश्तेदार, परिचित या पड़ोसी आपको हमेशा मानसिक कष्ट देते हैं। आप शिष्टता के नाते या लोकलाज से कई बार इन रिश्तों को ढोती रहती हैं, लेकिन नए साल में ऐसा हरगिज ना करें। ऐसे रिश्ते आपकी ऊर्जा, समय, कार्यक्षमता और सुकून को नष्ट करते हैं, साथ ही मन में नकारात्मकता का भाव भरते हैं। ऐसे रिश्तों से दूरी बना लें और चैन से रहें। आप ऐसे लोगों से जुड़ें, जिनका साथ आपको मानसिक शांति, प्रेरणा और उत्साह दे और सकारात्मक भावों का संचार करे।



### ये आदतें भी छोड़ दें

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगे रहना और अपनी वास्तविक जरूरत को समुचित समय ना देना।
- परफेक्शन के चक्कर में वक्त की बर्बादी और अपने जरूरी कामों को अधूरा छोड़ना या टालना।
- दिन-रात सिर्फ सोचते रहना, नित नई प्लानिंग बनाना लेकिन वास्तविकता के धरातल पर कुछ ना करना।

**अपनी जरूरत को नजरअंदाज करना:** घरेलू महिलाएं अकसर अपने सास-ससुर, पति और बच्चों के कामों में, वर्किंग वुमेन भी घर और वर्कप्लेस की दोहरी जिम्मेदारी के चलते अपनी सेहत, साज-श्रृंगार और शौक को भुला देती हैं। यह ना भूलें कि जब आपका तन-मन प्रसन्न और दुरुस्त नहीं रहेगा तो आप अपने परिजनों की सही ढंग से कैसे देख-भाल कर पाएंगी? इसलिए नए साल में अपना यह रेजोल्यूशन जरूर रखिए कि दूसरों की देख-भाल के साथ अपना भी ध्यान रखेंगी। ❁

सलाह / मनीषा

# विपरीत परिस्थितियों से लें जीवन के सबक

सा ल के अंत में अधिकांश लोग जो अच्छा हुआ है, उसे कम ही याद करते हैं, लेकिन जो भी विषम परिस्थितियों के चलते बुरा हुआ है, उसे लेकर उदास-दुखी रहते हैं। यह दुख आगे लंबा खिंचे, नए साल में भी दिलो-दिमाग में बैठा रहे तो यह अपने हित में नहीं है। इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखते हुए, नई सोच के साथ अपना जीवन जीना होगा।

**भुला दें दुखद-कटु स्मृतियां:** सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। जीवन में बारी-बारी से सुख और दुख का आना-जाना लगा रहता है। अगर आप आने वाले नए साल में भी खुश रहना चाहती हैं तो दुखद- कटु स्मृतियों को भूलकर केवल अच्छी-प्यारी बातों को ही याद रखें और सकारात्मक सोच के साथ आगे की ओर कदम बढ़ाएं। इससे जीवन में खुशहाली आएगी।

**समय है सबसे बड़ा सबक :** बुरा समय भी हमें बहुत कुछ सिखा जाता है। सही मायने में समय हमें एक शिक्षक की तरह



जीवन के जरूरी सबक सिखाता रहता है। इसलिए जब भी अपनी किसी कमी या गलती से बुरा हुआ है, इस गलती और कमी को जानें-समझें और इससे सबक लें। आगे इस गलती को कभी दोहराएं नहीं।

**जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं :** कई बार हमारे सामने कुछ ऐसी परिस्थितियां भी होती हैं, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता। मसलन कोई आकस्मिक दुर्घटना, आर्थिक नुकसान और प्रियजनों का निधन। इससे होने वाले नुकसान की भरपाई बहुत मुश्किल होती है। ऐसे में आपको यही सोचना चाहिए कि ऐसे हालात के लिए आप कहीं से भी जिम्मेदार नहीं हैं, इसलिए 'मेरे ही साथ ऐसा क्यों हुआ?' यह सोचकर उदास-निराश ना हों, ना ही अपने मन में कोई ग्लानि लाएं। इस तरह के दुखों से उबरने में थोड़ा समय जरूर लगता है, लेकिन एक समय बाद उदासी भरे दिन बीत ही जाते हैं। इसलिए दुखद बातों को याद करके उदास होने के बजाय अपने भविष्य के बारे में अच्छा सोचें, अपनी समस्या के बारे में अनुभवी लोगों से सलाह लें, साथ ही समस्या के समाधान के बारे में तार्किक ढंग से सोचकर उसका हल खोजने की कोशिश करें। कोई रास्ता जरूर निकल ही आएगा। हमेशा खुश रहें और जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं, यह सोच रखेंगी तो आने वाला नया साल निश्चित रूप से आपके लिए मंगलमय होगा। ❁

आधी आबादी-2023 / नौशाबा परवीन

# बुलंद हौसले से कायम की मिसाल

तमाम विपरीत स्थितियों के बावजूद कई महिलाओं ने अपने बुलंद हौसलों के बल पर अलग-अलग क्षेत्रों में इस वर्ष शानदार मुकाम पाकर नई मिसाल हासिल की। ऐसी ही कुछ महिलाओं पर एक नजर।

रा ष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 4 दिसंबर 2023 को जो अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की, उससे मालूम होता है कि 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इतनी प्रतिकूल परिस्थितियों और बंदिशों के बावजूद महिलाओं ने 2023 में भी कई क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां हासिल कीं, जिन पर ना केवल आधी आबादी को, पूरे समाज को गर्व है।

**स्पोर्ट्स फील्ड :** मेरठ में इकलौता गांव की पारुल चौधरी और बहादुरपुर गांव की अन्नू रानी ने जब स्पोर्ट्स में करियर बनाना तय किया था तो उन्हें अपने रिश्तेदारों और अन्य ग्रामीणों से जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन जब चीन में आयोजित हुए एशियन गेम्स में पारुल ने स्वर्ण, रजत पदक और अन्नू रानी ने स्वर्ण पदक जीते तो उनका विरोध करने वाले ग्रामीण ही उनकी सफलता का जश्न मनाने लगे। उनकी तरह ही इस साल कई रिकॉर्ड तोड़ने और विजय पताका लहराने के बाद हांग्जो एशियन गेम्स में आर्चरी प्लेयर ज्योति वेंनम ने भी कमाल कर दिया। उन्होंने स्वर्ण पदकों की हैट-ट्रिक लगाई।

**साइंस-टेक्नोलॉजी :** इस साल भारत ने सफलतापूर्वक आदित्य-एल1 (सूर्य का अध्ययन करने हेतु देश का पहला ऑब्जर्वेटरी मिशन) स्पेस में भेजा। इस प्रोजेक्ट की निदेशक एक महिला वैज्ञानिक निगार शाजी थीं।

**बिजनेस :** बिजनेस के क्षेत्र में भी अब महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। पुणे में जन्मी 38 वर्षीय नेहा नर्खेड़े इस वर्ष सबसे कम आयु की सेल्फ-मेड महिला उद्यमी के तौर पर आईआईएफएल वेल्थ हुरून इंडिया रिच लिस्ट में शामिल हुईं।

**सोशल वर्क:** इस साल महिलाएं समाज सेवा में भी पीछे नहीं रही हैं। मसलन, नीति गोयल रेस्तरां श्रृंखला



निर्मला सीतारमण



लीना नायर



निगार शाजी



नेहा नर्खेड़े

की मालिक तो हैं ही, साथ ही वे विख्यात समाज सेवी भी हैं, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 32 अनाथालयों और 800 सेक्स वर्कर्स को गोद लिया हुआ है। रायगढ़ में गरीबों के लिए 1,000 घरों का निर्माण कराया है। महामारी के दौरान उन्होंने सोनू सूद के घर भेजो अभियान के जरिए 1.5 लाख अप्रवासी मजदूरों को वापस घर भेजा और 80 लाख पैकेट मुफ्त भोजन के वितरित किए थे।

**सोशल मीडिया-ग्लैमर वर्ल्ड :** एक्टर और मॉडल 28 वर्षीय पायल जैन 2023 में भारत की टॉप महिला यू-ट्यूबर बनीं। उनके यू-ट्यूब चैनल पर 2.57 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। इस साल के पहले नौ माह के दौरान 'नेशनल क्रश' का टैग रश्मिका मंदाना को मिला हुआ था, लेकिन जैसे ही फिल्म 'एनिमल' रिलीज हुई तो 'नेशनल क्रश' तृप्ति दिमरी हो गईं। उनके इंस्टाग्राम फोलोवर्स की संख्या 0.66 मिलियन से बढ़कर 2.6 मिलियन हो गई।

इस तरह देखा जाए तो बीत रहे साल में भारतीय महिलाओं ने अनेक क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं, जो आधी आबादी को प्रेरणा देने वाली हैं। ❁

### टॉप 10 पावरफुल इंडियन वूमेन

**फुटियून इंडिया** के अनुसार 2023 में भारत की दस सबसे पॉवरफुल महिलाएं

1. निर्मला सीतारमण, भारत की फाइनेंस मिनिस्टर
2. नीता अंबानी, चेयरपर्सन रिलायंस फाउंडेशन
3. लीना नायर, फ्रेंच लक्जरी ग्रुप चैनल की पहली भारतीय मूल की सीईओ
4. फाल्गुनी नायर, सीईओ, नयका
5. गीता गोपीनाथ, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, आईएमएफ
6. माधबी पुरी बुच, सेबी की पहली महिला चेयरपर्सन
7. कली पुरी, वाइस-चेयरपर्सन, इंडिया टुडे ग्रुप
8. शोबना कमिनेनी, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, अपोलो हॉस्पिटल्स
9. अंशुला कांत, एमडी, वर्ल्ड बैंक ग्रुप
10. अपर्णा बावा, सीओओ एंड इंटरिम चीफ लीगल ऑफिसर, जूम वीडियो कम्युनिकेशंस ❁

सजेशन / ललिता गोयल

आने वाले न्यू ईयर वेलकम को सेलिब्रेट करने के लिए आप जरूर किसी पार्टी में जाएंगी या फिर अपने ही घर में पार्टी ऑर्गनाइज करेंगी। ऐसे में आपको कुछ बातों का जरूर ख्याल रखना चाहिए। इससे आपकी पार्टी तो शानदार होगी ही सब इसे खूब एंज्वॉय भी करेंगे।

# न्यू ईयर ईव पार्टी ऐसे बनाएं यादगार

सा ल 2023 को विदा होने में अब कुछ ही दिन रह गए हैं। इन दिनों आप भी नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटी होंगी। न्यू ईयर ईव पार्टी को स्पेशल बनाने के लिए अगर आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर से बाहर पार्टी ऑर्गेनाइज कर रही हैं या किसी दोस्त की ऑर्गेनाइज पार्टी का हिस्सा बनने जा रही हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। इससे आपका न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेशन यादगार बन जाएगा।

## वेन्यू की हो जानकारी

पार्टी में जाने से पहले पार्टी वेन्यू की लोकेशन अच्छी तरह पता कर लें, जिससे बिना परेशान हुए आसानी से आप समय पर वहां पहुंच सकें और पार्टी एंज्वॉय कर सकें।

## ड्रेसअप का रखें ख्याल

पार्टी में जाने से पहले होस्ट यानी मेजबान से यह जान लें कि पार्टी का वेन्यू कैसा होगा, यानी पार्टी ओपन एरिया में होगी या किसी हॉल में, उसी के अनुसार आप अपने पार्टी आउटफिट का सेलेक्शन करें। क्योंकि स्टाइलिंग और फैशनेबल दिखने की चाहत में कुछ महिलाएं ऐसी ड्रेस पहन लेती हैं, जिसमें ठंड लग सकती है। ठंड लगने से पार्टी को आप एंज्वॉय भी नहीं कर सकेंगी। अगर पार्टी का कोई ड्रेस कोड है, तो उसके अनुसार अपनी ड्रेस चूज करें।



## सभी से घुलें-मिलें

पार्टी में सबसे अलग या अकेले ना रहें, खुद आगे बढ़कर सबके साथ घुलें-मिलें। ऐसा शो ना करें कि आप पार्टी को एंज्वॉय नहीं कर रही हैं या पार्टी अरेंजमेंट से आप संतुष्ट नहीं हैं। इससे पार्टी होस्ट या अन्य फ्रेंड्स को अच्छा फील नहीं होगा। पार्टी में गेम्स, डांस, म्यूजिक और अन्य एक्टिविटीज में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और पार्टी को पूरी तरह से एंज्वॉय करें।



## डाइट का रखें ख्याल

न्यू ईयर पार्टी में अपने खान-पान का भी खास ध्यान रखें और अनहेल्दी फूड्स को कम से कम खाएं। अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए खाने का चुनाव करें। साथ ही ओवर ईटिंग करने से भी बचें।

## रूल्स फॉलो करें

नए साल मनाने की एक्साइटमेंट में कुछ लोग कानून और नियमों को भूल जाते हैं। आप ऐसा बिल्कुल ना करें। न्यू ईयर पार्टी के दौरान सड़क पर शोर ना मचाएं, लेट नाइट ड्राइव करते समय यातायात नियमों और कानून का उल्लंघन करने से बचें। ❁

## जुल्मों के दौर में सिख गुरु व उनकी संतान देती रही बलिदान

# देश, धर्म व मानवता के लिए अनुकरणीय गुरुओं का त्याग

### प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने सिख समाज के सहयोग से गुरु ग्रन्थ प्रकाश शब्द वाणी, व्याख्यान कीर्तन व लंगर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल


नारनौल। कार्यक्रम में शब्द कीर्तन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से यादव धर्मशाला में नौवें पातशाह अमर शहीद गुरु तेग बहादुर जी व गुरु गोविंद के चार पुत्रों का शहीदी पर्व मनाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने समस्त सिख संगत के साथ मिलकर नगर में दूसरी बार गुरुद्वारों के अन्यत्र इतना बड़ा आयोजन किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुखमनी साहब के पाठ से किया गया। सिख समाज के तत्वावधान में भव्य पंडाल में सुसज्जित श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग, बलिदान, भक्ति, शौर्य, साधना देश, धर्म व मानवता के लिए अनुकरणीय है। आज भारत में ही नहीं पूरी दुनिया में गुरु तेगबहादुर व साहबजादों का प्रकाश फैला हुआ है। सिंह सभा प्रधान सरदार सुरेन्द्र सिंह चावला ने कहा कि उस दौर में जब बड़े-बड़े राजा महाराजा मुगलों की अधीनता स्वीकार कर रहे थे। खालसा पंथ की स्थापना ही मुगल सल्तनत का अंत बनी। ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष डा. लालचंद जोशी ने कहा कि जो कौमें अपने शहीदों को जिन्दा रखती है, उनका वजूद कोई मिटा नहीं सकता। विपिन शर्मा ने कहा कि नौ साल व 13 साल के मासूमों ने धर्म और देश पर खुद को बलिदान कर दिया। सरदान निधान सिंह ने कहा कि प्रगतिशील शहादत दिवस पर होने वाले समारोह से गुरुजी के बलिदान, त्याग, हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए उनकी शहादत को हमारी आने वाली पीढ़ियां जान सकेंगी।

#### गैर सिखों का गुरुओं को नमन की अनूठी पहल

ट्रस्टी भीमसेन शर्मा व नरोतम सोनी ने बताया कि साप्रदायिक सौहार्द को समर्पित हरियाणा का यह ऐसा अनोखा विशाल कार्यक्रम था, जो गैर सिख समाज की ओर से आयोजित था, जो सिख समाज के सहयोग से मनाया गया। गुरु ग्रन्थ साहब का आगमन, देग, गुरुबानी, अरदास ने शानदार माहौल बना दिया था। दिनेश शर्मा प्राचार्य व अमित शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में शहर, धरसू, निवाजनगर, किरारोद, मित्रपुरा आदि गांवों के साथ महेंद्रगढ़, कोटपुतली से भी सिख संगत ने भाग लिया। रागी ज्ञानी मंजीत सिंह, ज्ञानी वजिन्द्र सिंह, ज्ञानी प्रीतम सिंह, बीबी प्रभु सिमरन कौर, बीबी दलजीत कौर ने कीर्तन गायन किया।

## किड्जी में मनाया गया क्रिसमस-डे



**महेंद्रगढ़।** सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल में क्रिसमिस-डे का पर्व हषार्ेल्लास से मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रभु यीशु के जन्मदिन को चाकलेट बांटकर मनाया। प्राचार्या विनय यादव ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने क्रिसमस का पेड़ बनाकर उसे सजाया व उसमें लाइटें लगाई। मोमबत्तियां, घंटी और अलग-अलग तरह के रिबन का इस्तेमाल कर सुंदरता की छटा बिखेरी गई। कार्यक्रम का आगाज प्रभु यीशु के स्तुति गीत (करोल )के साथ किया गया। कविताएं, चुटकुले, कहानी व गीतों के माध्यम से प्रभु यीशु को याद किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने कहा कि प्रभु ईसा मसीह ने अनेक दुखियों, रोगियों एवं पीड़ितों का दुख दूर किया, ज्ञानियों को ज्ञान दिया और अंधों को दृष्टि दी। चेयरमैन विजय सिंह यादव ने कहा कि यह पर्व हमेशा प्रेम व भाईचारे से मिलकर रहने की प्रेरणा देता है।

## विद्या भारती स्कूल में अध्यापक अभिभावक सम्मेलन आयोजित



**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में सोमवार को क्रिसमस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में अध्यापक-अभिभावक सम्मेलन आयोजन किया गया व क्रिसमस पर्व मनाया गया। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने विद्या की देवी माता सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव, प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, प्राचार्य विनोद कुमार, उप-प्राचार्य रामदेव सिंह व सभी अध्यापकगण उपस्थित थे। क्रिसमस के अवसर पर बच्चों ने सांताक्लाज की ड्रेस व अन्य रंग बिरंगे कपड़े पहनकर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के किड्स ब्लॉक इंचार्ज रविन्द्रा कुमारी व विजय सोनी ने किया।




## श्रीकृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में क्रिसमस-डे पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में सोमवार को क्रिसमस-डे पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्री-प्राइमरी हैड संतोष यादव ने बताया कि यीशु मसीह के जन्मदिन को लेकर स्कूल के नौनिहालों ने भाषण, डांस, कविताएं, देशभक्ति गीत तथा अनुशासन के प्रति जागरूक होना आदि कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति देते हुए जिंगल-जिंगल बैल गाने पर नृत्य किया, जिसमें स्कूल के नर्सरी कक्षा से प्रथम कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने सांता क्लॉज बनकर खूब चॉकलेट व मिठाइयां बांटी।

## एमआर स्कूल में क्रिसमस व तुलसी पूजन पर्व मनाया

**नारनौल।** एमआर पब्लिक स्कूल की शाखा मित्रपुरा में क्रिसमस डे व तुलसी पूजन धूमधाम से मनाया गया। तुलसी पूजन तुलसी दिवस मनाया। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांध दिया। प्रभु यीशू के जन्म से संबंधित कई नाटक बच्चों ने प्रस्तुत किए। वहीं सेंटा क्लाज ने बच्चों को उपहार बांटे। सेंटा क्लाज के रूप में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने सभी का मन मोहा। इस अवसर पर अनिता यादव ने बच्चों को प्रभु यीशू के जन्म से जुड़े कई रोचक प्रसंगों को सुनाया।






## आरपीएस स्कूल में क्रिसमस-डे पर कार्यक्रम का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय के प्राइमरी व मिडिल विंग में तुलसी पूजन व सुशासन दिवस व क्रिसमस-डे मनाया गया। बच्चों ने सांता क्लॉज की पोशाक पहनकर क्रिसमस पर्व से संबंधित कविताएं, कहानियां, भाषण व लघुनाटिकाएं प्रस्तुत की। जिंगल बेल-जिंगल बेल तथा मैरी क्रिसमस के संगीत से वातावरण खुशनुमा बन गया, जिसमें नन्हें-नन्हें सांता क्लॉज बने हुए बच्चों ने इन गानों की सुंदर धुन पर नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने की।




## राजवंशी स्कूल दोचाना में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** राजवंशी शिक्षा निकेतन दोचाना में सोमवार को सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सुशासन दिवस के साथ क्रिसमस डे व तुलसी दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन रेनू कंवर व प्रिंसिपल एडवोकेट दिनेश कुमार सांखला ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा बच्चों को सुशासन के महत्व के बारे में बताया। सुशासन दिवस पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के रूप में हर वर्ष 25 दिसंबर को मनाया जाता है। सुशासन दिवस की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में की। सुशासन का अर्थ है अपने देश से भ्रष्टाचार को खत्म करके विकास की तरफ ले जाए। मंच संचालक रेखा ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा बनाए गए सिद्धांतों से बच्चों को अवगत करवाया। तुलसी दिवस के बारे में बताते हुए बिशन कुमार ने सभी बच्चों को अपने घर में तुलसी स्थापित करें।

## यूरो स्कूल में तुलसी दिवस व क्रिसमस-डे पर कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** यूरो स्कूल में तुलसी व क्रिसमस दिवस मनाया। प्राचार्य सुनील यादव ने तुलसी पूजन किया और अध्यापकों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि हमें अपनी सभ्यता व संस्कृति को नही भूलाना चाहिए, बल्कि सभी धमार्ें के प्रति सद्भावना रखनी चाहिए। उन्होंने तुलसी की महता और उपयोगिता के बारे में भी छात्रों को अवगत कराया। इसी कड़ी में उन्होंने क्रिसमस दिवस की बधाई दी और सांटा क्लाज बने छोटे-छोटे बच्चों की भव्य सुंदरता को देखकर प्रभूल्लित हुए। इसी के साथ-साथ उन्होंने कहा कि भारत देश एक धर्म-निरपेक्ष देश है। यहां सभी धमोंर् को समान रूप से सम्मान किया जाता है और इसी तरह हमें अपनी एकता को बनाए रखना है। इस मौके पर उपप्राचार्या मंजू यादव, कोर्डिनेटर संजू यादव, सुमन यादव व तन्नू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।






## जीएल स्कूल के जूनियर विंग में क्रिसमस-डे पर दी प्रस्तुतियां

**महेंद्रगढ़।** जीएल पब्लिक स्कूल कनीना में जूनियर विंग के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने क्रिसमस-डे का पर्व हषार्ेल्लास से मनाया। को-आर्डिनेटर मनीषा शेखावत ने बताया क्रिसमस-डे पूरी दुनिया में 25 दिसंबर को प्रभु ईसा-मसीह के जन्म दिन के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग केक काटकर और एक-दूसरे को उपहार देकर इस पर्व को मनाते हैं और आनंद उठाते हैं। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों ने सांता क्लाज की मनमोहक ड्रैस पहनकर सभी को प्रसन्न कर दिया। बच्चों ने मनमोहक नृत्य पेश किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध किया। बच्चों ने प्रेम और आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए एक-दूसरे को गले लगाकर मिठाईयां खिलाई। प्रधानाचार्या दीप्ती राव ने बच्चों के इस प्रकार के मनमोहक कार्यक्रमों से खुश होकर उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर जूनियर विंग के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।




## यदुवंशी में क्रिसमस दिवस पर बच्चों ने मांगी देश की खुशहाली

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में क्रिसमस दिवस पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने प्रभु ईसा मसीह से देश के उन्नत राष्ट्र एवं सभी की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं सभी को चॉकलेट बांटकर किया गया। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह मुख्यातिथि, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव विशिष्ट अतिथि तथा निदेशक विजय सिंह यादव ने अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। किड्स हैड सोना राघव ने बताया कि विद्यार्थियों ने क्रिसमस पर्व पर क्रिसमस का पेड़ सजाया तथा अपनी अभिव्यक्ति में कविता, भजन एवं प्रभु यीशु के जीवन पर कहानियां सुनाई। निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि हमें सभी पर्वों का सम्मान करना चाहिए वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्णसिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने तुलसी की पूजा कर तुलसी पूजन दिवस के महत्व के बारे में बताया।

## श्रीकृष्ण स्कूल में वार्षिक खेल स्पर्धा का पुरस्कार वितरण समारोह

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका में स्पोर्ट्स मीट 2023-24 खेलों का सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के चार हाउस के छात्रों ने अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्सा-कस्सी, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले दौड़, भाला फैंक व गोला फैंक आदि प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में हॉक हाउस के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में इगल हाउस रनरअप रहा। फालकन व कैस्ट्रल हाउस दोनों संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा नौवीं व 11वीं ग्रुप के लड़कों की कबड्डी में इगल हाउस, रस्सा-कस्सी में हॉक हाउस, 400 मीटर रिले दौड़ में कैस्ट्रल, जबकि लड़कियों की कबड्डी में फाल्कन हाउस प्रथम स्थान पर रहा। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य वेदपाल यादव ने सभी हाउस के मास्टर्स व हाउस टीचर्स को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।



**सूचना**

मै अशोक कुमार पुत्र पूर्णमल जाति ब्राहमण वासी भोजावास तह. कनीना जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरी लड़की सरिता मेरे कहने सुनने से बाहर है व मेरा व मेरे परिवार का कोई कहना नही मानती। इसलिए मै उसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा कि गए किसी भी कार्य/व्यवहार की मै व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

बयानकर्ता : अशोक कुमार पुत्र पूर्णमल

**सूचना**

मैं, संतोष देवी पत्नी श्री लालचन्द पुत्र श्री फूलचन्द निवासी मौहल्ला महायचान, महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) बयान करती हूं कि मेरे पुत्र रविन्द्र व अमित मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



# पाठक पुरस्कार योजना-2023

नाम.......................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी.......................................

पता.......................................तहसील ...................पिन...................

जिला ......................... फोन नं. ......................... एजेंट का नाम .........................

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |

**नियम व शर्तें** ● हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के तहत 01 जून 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक प्रकाशित कुल 24 कूपनों में से कोई 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) इस प्रपत्र में निर्धारित स्थान पर चिपकाएं (क्रम संख्या अनिवार्य नहीं है)। किसी एक दिनांक के दो कूपन प्रपत्र में नहीं चिपकाएं जा सकते। पूर्ण रुप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीकी हरिभूमि कार्यालय में या मुख्य कार्यालय में स्वयं अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवायें। ● किसी भी कूपन और प्रपत्र की छाया प्रति स्वीकार नहीं की जाएगी। ● प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 होगी। अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार्य नहीं होगें। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जाएगा। ड्रॉ निकालने की तिथि 15 फरवरी 2024 होगी। विजेताओं की सूची 01 मार्च 2024 के बाद समाचार पत्र में प्रकाशित की जाएगी। ● प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ● सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपने फोटो पहचान पत्र की फोटोप्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करानी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें। ● किसी भी वास्तविक पुरस्कार की बनावट एवं संख्या विज्ञान में दिखाए गए चित्र व संख्या से भिन्न हो सकती है। उत्पाद गारंटी निर्माता कपंनी की शर्त अनुसार होगी। ● राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ● हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ● हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

**हरिभूमि कार्यालय - हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़। मो. 8295738500, 9253681005, 8053076211, 9253681019-20**
**हरिभूमि कार्यालय सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल। मो. 8295738500, 9253681005, 9253681019-20**

## खबर संक्षेप



नारनौल। आचार्य डा. प्रमोद योगाचार्य व अन्य विशिष्ठ जनों को सम्मानित करते ठाकुर अतरलाल एडवोकेट।

### विश्व में सबसे बड़ा शुभ कर्म यज्ञः आचार्य प्रमोद

**नारनौल।** आर्य समाज धनौंदा के तत्वावधान में वेद मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय सामवेद परायण महायज्ञ के दूसरे दिन आसपास के गांवों के सैकड़ों गणमान्यों ने सामवेद के मंत्रों के साथ यज्ञ में आहुति प्रदान कर समाज में खुशहाली की प्रार्थना की। यज्ञ के ब्रहमा आचार्य प्रमोद योगाचार्य ने वेद मंत्रों की व्याख्या करते हुए कहा कि वेद का अर्थ ज्ञान है। इसलिए वेद ज्ञान सार्वभौम शास्वत तथा सर्वकालिक है। यज्ञ समाज को जोड़ता है। इससे समाज में शांति, भाईचारा, समृद्धि तथा खुशहाली आती है।



नारनौल। खालड़ा हनुमान मंदिर परिसर में कार्यक्रम करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### जरूरतमंदों को रूहानी केंद्र ने बांटे कंबल

**नारनौल।** विश्व मानव रूहानी केंद्र की ओर से रघुनाथपुरा स्थित खालड़ा वाले हनुमान मंदिर में करीब 84 जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। मेघोत बिंजा के सरपंच मनोज कुमार यादव ने बताया कि विश्व मानव रूहानी केंद्र एक परोपकारी एवं आध्यात्मिक संस्था है। यह संस्था संत बलजीत सिंह द्वारा सिखाए गए नैतिक जीवन, आध्यात्मिक ओर ध्यानाभ्यास पर आधारित कार्यक्रमों एवं जनकल्याण के लिए विभिन्न प्रकार के समाजसेवी कायार्े का आयोजन करती है।



कनीना। एसडी विद्यालय ककराला में तुलसी पूजन दिवस मनाते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### एसडी स्कूल ककराला में मनाया तुलसी पूजन दिवस

**कनीना।** एसडी स्कूल ककराला के प्रागंण में सोमवार को तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। इस समारोह में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने हिस्सा लिया। विद्यालय प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने तुलसी पौधे के आगे दीप प्रज्वलित कर उसके महत्व को समझाते हुए कहा कि तुलसी दिवस हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है। तुलसी के पौधे में कई तरह के गुण मौजूद होते हैं। तुलसी के सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

### समाजसेवी मास्टर पोहप सिंह यादव का निधन



पोहप सिंह का फाइल फोटो।

**महेंद्रगढ़।** समाजसेवी व आर्य समाज से जुड़े मास्टर पोहप सिंह यादव का सोमवार को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया है। वह 73 वर्ष के थे। मास्टर पोहप सिंह भारतीय सेना में एजुकेशन हवलदार के पद पर कार्य कर चुके हैं, वहां से सेवानिवृत होकर अध्यापन कार्य में लग गए और एक अच्छे शिक्षा के रूप में उनकी पहचान मानी जाती है।

### वाजपेयी की जयंती पर भड़फ में कार्यक्रम

**कनीना।** गांव भड़फ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में देवदत्त जांगिड़ की अध्यक्षत में मनाई। जिला पार्षद शारदा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अटल बिहारी के जन्मदिन 25 दिसंबर 2014 को पहली बार सुशासन दिवस के रूप में मनाया था। अंत में कंवर सैन वशिष्ठ ने तुलसी के गुणों वव आरती के माध्यम से विस्तार से उनके गुणों को बताया।

# सुशासन दिवसः बीडीपीओ प्रमोद व डीपीएम संदीप को मिला हरियाणा सुशासन पुरस्कार

- आंगनबाड़ी वर्कर्स व सीडीपीओ को किए मोबाइल वितरित
- महान स्वतंत्रता सेनानी मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिले में महान स्वतंत्रता सेनानी मदन मोहन मालवीय व देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सोमवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंचकूला में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रदेशवासियों को संबोधित किया। वहीं जिला स्तर पर लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। इस अवसर पर दो अधिकारियों को हरियाणा सुशासन पुरस्कार-2023 के जिला स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

वहीं 11 आंगनबाड़ी वर्कर व सीडीपीओ को मोबाइल वितरित किए गए। जिले में 159 आंगनबाड़ी वर्कर को व सीडीपीओ को पोषण अभियान के तहत मोबाइल दिए जाएंगे, जिसकी आज शुरुआत की गई। इस मौके पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता भी मौजूद थी। सुशासन दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि आमजन को समयबद्ध सेवाएं देना ही सुशासन है। इस मौके पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता, जिला परिषद के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, बीजेपी के जिला प्रधान दयाराम यादव, जेजेपी के जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा व सिकंदर गहली के अलावा अनेक गणमान्य नागरिक तथा अधिकारी भी मौजूद रहे।



नारनौल। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप कुमार को सम्मानित करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

### प्रमोद कुमार को सुशासन पुरस्कार-2023 का जिला स्तर पर मिला प्रथम पुरस्कार

सुशासन दिवस के अवसर पर राज्यमंत्री ने नांगल चौधरी के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रमोद कुमार को सुशासन पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया। बीडीपीओ प्रमोद कुमार को यह पुरस्कार आर्थिक, आधारभूत संरचना व सामाजिक कायार्े में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया। उन्हें जिला स्तरीय सुशासन पुरस्कार 2023 के तहत प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सरकार की ओर से उन्हें एक ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र व 31 हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने वर्ष 2023 में उपायुक्त महेंद्रगढ़ मोनिका गुप्ता के नेतृत्व में हजारों पौधों का रोपण करके जलवायु परिवर्तन जैसी एक वैश्विक चुनौती से लड़ने के लिए सराहनीय कार्य किया था। ओडीएफ फ्री व ओडीएफ प्लस में भी सक्रिय भागीदारी और मुख्यमंत्री के सुशासन की पहल जन संवाद में उत्कृष्ट कायार्े तथा प्रशासनिक कायार्े में निष्ठापूर्वक योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया गया है।

### संदीप कुमार को सुशासन पुरस्कार 2023 का जिला स्तर पर द्वितीय पुरस्कार

वर्ष 2023 में प्रतिरक्षण, निरोगी हरियाणा, मातृ स्वास्थ्य तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रशासनिक कायार्े में निष्ठापूर्वक योगदान के लिए स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप कुमार को सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने सुशासन पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप कुमार को जिला स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सुशासन दिवस पर संदीप कुमार जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला महेंद्रगढ़ में सुशासन के लिए उनके किए गए प्रयासों और महत्वपूर्ण योगदान के लिए सरकार की ओर से एक ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र व 21 हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया।

## विकसित भारत जनसंवाद यात्रा को किया संबोधित

# सुशासन के सिद्धांत पर चल रही भाजपा सरकारः सीताराम यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

विधायक सीताराम यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार महान स्वतंत्रता सेनानी मदनमोहन मालवीय व देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों के अनुरूप सुशासन के सिद्धांत पर चल रही है। सरकार लगातार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उन्हें योजनाओं का लाभ दे रही है। यादव सोमवार को गांव गोमली व गोमला में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों को सुशासन दिवस को लेकर कहा कि यह हम सबके लिए बड़े ही गौरव की बात है कि महान स्वतंत्रता सेनानी मदनमोहन मालवीय व देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को हम सुशासन दिवस के तौर पर मना रहे हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गोमली गांव की सुमन देवी, राजबाला देवी, गोमला गांव की पूनम देवी, अनीता देवी को गैस कनेक्शन देकर सम्मानित किया। महिला बाल विकास परियोजना विभाग की तरफ से महिलाओं का अन्नप्राशन कर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के संयोजक अरुण जांगिड़, सहसंयोजक प्रदीप यादव, मंडल प्रभारी मुनीलाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष भोजावास मामन यादव, अशोक लांबा, ब्लॉक समिति अध्यक्ष जयप्रकाश, सरपंच उर्मिला शास्त्री, गोमला के सरपंच वेदप्रकाश, पूर्व सरपंच दयाराम, डा. ईशान गोयल, डा. शशि बाला, डा. योगेश, डा. दीपांशु, एसईपीओ कृष्णपाल सिंह, सुपरवाइजर ज्योति यादव, संदीप, विकास, हिमांशु, विजेंद्र आदि मौजूद रहे।






कनीना। उज्ज्वला योजना के तहत महिला को गैस सिलेंडर देते विधायक सीताराम यादव तथा महेंद्रगढ़ में पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## जीनियस एकेडमी में मनाया सुशासन दिवस

**महेंद्रगढ़।** जीनियस एकेडमी में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। एकेडमी डायरेक्टर अमित यादव व विद्यार्थियों ने वाजपेयी के चित्र पर पुष्पार्पित किए। उन्होंने कहा कि अटल का जन्म 25 दिसम्बर 1924 को मध्यप्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। 2014 से ही वाजपेयी की जयंती को प्रत्येक वर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 2015 में उन्हें देश के सवार्ेच्च सम्मान 'भारत रत्न' से भी सम्मानित किया गया। तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने अटल एक प्रखरवक्ता, कवि, राजनेता और विशाल व्यक्तित्व के धनी थे। वे जननायक के साथ महानायक भी थे। यूएनओ की सभा में पहली बार उन्होंने हिन्दी में भाषण देकर उन्होंने सबको आश्चर्यचकित कर दिया था। उन्होंने देश में समता और सामन्जस्य स्थापित करने के लिए अपना स्र्वस्व त्याग दिया। उनके भीतर का राजनेता हमेशा शोषित और वंचितों की पीड़ा से पड़पता रहा। उनकी एक ही दृष्टि रही कि ऐसे भारत का निर्माण कर सकें जो भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो। उन्होंने जय जवान-जय किसान के साथ जय-विज्ञान को भी जोड़ा। एकेडमी चेयरपर्सन सोनिका यादव ने कहा कि अटल देश की राष्ट्रीयता के प्राणतत्व थे। उन्होंने बताया कि देश की संसद में उन्होंने कहा था कि सत्ता का खेल तो चलता रहेगा, पार्टियां आएंगी, जाएंगी, सरकारें बनेंगी बिगड़ेंगी मगर ये देश रहना चाहिए और इसका लोकतंत्र अमर रहना चाहिए। इस अवसर पर दिलेर सिंह, ललित, देवेन्द्र, योगेश, सुधीर, सुरेन्द्र सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।



नारनौल। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### अटल बिहारी के नेतृत्व में देश उन्नति की ओर बढ़ा

**नारनौल।** शहर के वार्ड नंबर 25 में मंडल मंत्री मंजू सोनी के निवास स्थान पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रतन अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष संघी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उनके जन्मदिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को जब भारत रत्न मिला तो भारत रत्न का सम्मान बड़ा और वाजपेय का सम्मान देश में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में रहा। अटल एक राष्ट्र कवि थे और अज्ञात शत्रु के नाम से विख्यात थे। उनके कार्यकाल में ही भारत मजबूती की तरफ बढ़ा और परमाणु शक्ति से दीपोत्सव हुआ।



नारनौल। गणपति प्लाजा मार्केट में वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए।

### वाजपेयी के उच्च आदर्शों को सदैव स्मरण करते रहेंगे

**नारनौल।** अखिल भारतीय परशुराम वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता किशन वशिष्ठ के अध्यक्षता में गांधी बाजार स्थित गणपति प्लाजा मार्केट में पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। वैद्य किशन वशिष्ठ ने कहा कि देशवासी जीवनपर्यंत सदैव महान राष्ट्रवादी एवं भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के उच्च आदशार्े को स्मरण करता रहेगा। इस अवसर पर अशोक सैनी, कविंद्र पाहुजा, पंकज जैन, राजू जसोरिया, रॉकी सैनी, रिंकू सोनी, नवीन जैन, गोविंद पांडे, अभिजीत शर्मा, मोहित शर्मा, नवनीत चौधरी, सुरेंद्र गुर्जर व मनिंद्रजीत सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे। अटेली के भाजपा कार्यालय में मंडल अटेली के कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## वाजपेयी और मालवीय को जयंती मनाई पर किया नमन



सतनाली मंडी। मालवीय व वाजपेयी की जयंती पर नमन करते भगवान परशुराम सोसायटी के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतनाली मंडी

भगवान परशुराम वेलफेयर सोसायटी सतनाली की ओर से कस्बे के परशुराम पार्क में कार्यक्रम का आयोजन कर भारतरत्न पंडित मदनमोहन मालवीय व भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। महावीर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के तहत सभा में वक्ताओं ने दोनों महात्माओं के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके दिखाए मार्ग का अनुशरण करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सोसायटी प्रधान शिवकुमार शास्त्री ने दोनों महात्माओं को जयंती पर नमन करते हुए कहा कि वे आधुनिक भारत के विश्वकर्मा थे। मालवीय ने बीएचयू की स्थापना कर शिक्षा जगत को उच्च स्थान तक पहुंचाया। राजनीति में शुचिता का पर्याय रहे वाजपेयी ने विचारधारा की भिन्नता को कभी कड़वाहट में नहीं बदला। उनके उदारवादी विचारों का अनुसरण सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मालवीय व वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे परशुराम रक्षक दल के राष्ट्रीय संयोजक मनोहर लाल शर्मा झुंझुनूं को सोसायटी ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



नांगल चौधरी। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते युवा नेता महेंद्र गुर्जर।

### वाजपेयी की जीवनी से युवाओं को मिलती रहेगी सकारत्मक प्रेरणा

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बाबा मुकुंददास गौशाला में सद्भावना कार्यक्रम का आयोजन युवा नेता महेंद्र गुर्जर की अगुवाई में हुआ। जिसमें युवाओं को वाजपेयी की जीवनी से अवगत करवाया गया तथा राष्ट्रसेवा में योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान गायों को गुड़ खिलाकर विश्व कल्याण की मन्नतें मांगी गई। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने कभी भी सत्ता हासिल करने की राजनीति नहीं की। राष्ट्रहित में उन्होंने विपक्ष में रहते हुए भी सरकार का सहयोग किया था। निजी स्वाथार्े को उन्होंने कभी भी नैतिकता और सिद्यांतों पर हावी नहीं होने दिया।

## पटीकरा गांव में पूर्व प्रधानमंत्री अटल को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

स्लम जागृति समिति पटीकरा के तत्वावधान में सोमवार को अक्षर ज्ञान ले रहे वंचित समाज के गरीब बच्चों के ओपन शैल्टर होम डा. भीमराव आंबेडकर भवन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा शिवकुमार मेहता, मेजर ईश्वर सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष ऑल इंडिया वैल्फेयर सोसायटी, राजेन्द्र यादव भाजपा नेता, बेगराज सैनी भाजपा नेता, भूपसिंह भारती, ओमप्रकाश छापड़ा, नवीन कुमार यादव व ओपन शैल्टर होम के सभी शिक्षकगणों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। शिवकुमार मेहता ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1925 को हुआ। अपनी प्रतिभा, नेतृत्व व लोकप्रियता के कारण चार दशक भारतीय जनता के सांसद रहे। स्लम जागृति समिति के अध्यक्ष भागीरथमल खनगवाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी दुनिया के बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बने। मेजर ईश्वर सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा था कि वीर जवानों हमें आपकी विरता पर गर्व है। ओमप्रकाश छापड़ा ने कहा कि अटल के परिवार में शिक्षा का इतना लगाव था किअटलजी और उनके पिता ने कानून की पढ़ाई में एक साथ प्रवेश लिया। इस अवसर पर स्लम जागृति समिति की तरफ से बच्चों का पाठ्यसामग्री व गर्म कपड़े वितरति किए गए। इस मौके पर शशि शर्मा, निशा कुमारी, आरती सैनी, मंजू सैनी, कुलदीप यादव, बलवंत सिंह, शकुंतला देवी, रविन्द्र कुमार, महेन्द्र यादव, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।



नारनौल। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए। फोटो : हरिभूमि




महेंद्रगढ़। यदुवंशी स्कूल के खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी कॉलेज ने अंतर विवि में जीते गोल्ड और ब्रांज मेडल

- चेयरपर्सन पवित्रा राव व मैनेजमेंट पदाधिकारियों ने दी बधाई

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने नार्थ ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय स्तरीय मुकाबलों में मेडल जीतने का गौरव अपने नाम किया। बीपीएड कोर्स के छात्र युवराज ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली में आयोजित बॉक्सिंग (पुरुष) मुकाबले के 80-86 किग्रा. भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हसिल कर खिताब पाया है। इस प्रकार इसी कोर्स के छात्र अकुंश ने भी कुश्ती (पुरुष) फ्री स्टाइल के 125 किग्रा. भार वर्ग में ब्रांज मेडल जीता, जिसका आयोजन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में संपन्न हुआ। कॉलेज के दोनों ही विद्यार्थी अपने प्रयास में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक खेलने का सपना संजोए हुए हैं। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने दोनों ही विद्यार्थियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी तथा उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए निरंतर मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने भी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देकर उत्साहित किया। डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने बताया कि खेल न केवल मनुष्य को शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं।

## कार्यकारिणी चुनी गई समिति की कार्यकारिणी

# चन्दन प्रधान व बिरदी चंद पुनः एससी समिति के सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटी के निर्देशानुसार सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति की कार्यकारिणी के त्रि-वार्षिक चुनाव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार रविदास मंदिर में समिति के प्रशासक-कम-रिटर्निंग ऑफिसर मुरलीधर गोठवाल, पूर्व डीईओ सहायक चुनाव अधिकारी बलबीर सिंह बबेरवाल, प्रधान रविदास महासभ, एडवोकेट सतीश नाहर व एडवोकेट गजानंद दोचानिया की देखरेख में सम्पन्न करवाए गए। जिसमें 24 दिसंबर को चन्दन सिंह जालवान ने प्रधान पद, राजेश चांवरिया ने उप प्रधान, बिरदीचंद गोठवाल ने सचिव, प्यारेलाल चवन ने कोषाध्यक्ष, जयपाल, महेंद्र सिंह खन्ना व पतराम खिंची ने सदस्य के पद हेतु नामांकन पत्र ही दाखिल किया। इसके बाद 25 दिसंबर को चुनाव अधिकारियों ने प्रत्येक पदाधिकारी के नामांकन पत्रों की जांच करने उपरांत सही पाए जाने पर सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को फूल-मालाओं से स्वागत करने के साथ ही अखिल भारतीय आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष व पूर्व तहसीलदार लालाराम नाहर ने सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने सभी को आश्वासन दिया कि वे समिति के हित में निःस्वार्थ भाव से जनकल्याणकारी कायार्े को पूरी लग्न व मेहनत से करेंगे।



नारनौल। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर समिति के पूर्व प्रधान शिवनारायण मोरवाल, हरियाणा आवाज फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डा. शिवताज सिंह, पूर्व लेखाधिकारी रामकुमार ढैणवाल, गुरु महर्षि वाल्मीकि सभा के प्रधान जोगेंद्र जैदिया, हरियाणा प्रदेश चमार महासभा के प्रधान अनिल फाण्डन, कोली समाज के प्रधान तोताराम, पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व डीएफओ वीरसिंह गोठवाल, प्रधान राजेंद्र गोठवाल कपूरी, पूर्व एसडीओ रोहताश बबेरवाल, डा. भीमराव आंबेडकर जन जाग्रति मंच के प्रधान जसवंत भाटी, सुमेर सिंह गोठवाल, दयानंद सांवरिया, रामचंद्र गोठवाल, लालचंद, हजारीलाल खटावला, एडवोकेट भीमसिंह दहिया, विपिन चौधरी, हरफूल सिंह, रामनिवास, पूर्व प्रधान रामचंद्र ग्रोवर, धर्मवीर कटारिया, होशियार सिंह गोठवाल, बलबीर हुडीना आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005